मोहाली में मनाई गई वीर सावरकर जयंती

मोहाली, 29 मई 2026: वीर सावरकर जयंती के अवसर पर माय भारत मोहाली की ओर से जिरकपुर में आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिताओं में युवाओं का उत्साह, विचारों की परिपक्वता और देशभक्ति का भाव देखने को मिला। यह कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी ईशा गुप्ता के नेतृत्व में कराया गया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम ने केवल एक प्रतियोगिता का रूप नहीं लिया, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण, युवा चेतना और रचनात्मक अभिव्यक्ति का जीवंत मंच बन गया। वक्तृत्व प्रतियोगिता का विषय 'विकसित भारत के निर्माण में वीर सावरकर के विचारों की प्रासंगिकता' रखा गया था, जिसमें प्रतिभागियों ने सावरकर के राष्ट्रवादी

दृष्टिकोण, सामाजिक चेतना और आत्मनिर्भर भारत के विचारों को प्रभावशाली ढंग से सामने रखा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं परोपकारी मोहन कुमार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वीर सावरकर केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि विचारों की ऐसी ऊर्जा हैं, जो आज भी युवाओं को राष्ट्रहित में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। पर्व शर्मा

पुकार एनजीओ ने प्रतिभागियों की अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और रचनात्मक दृष्टिकोण की सराहना की।

****